लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

बरेली, रविवार, 19 फरवरी 2023

PAGE NO : 7 MIDDLE

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस मेडिकल कालेज में रिसर्च प्रोटोकाल राइटिंग पर दो दिवसीय वर्कशाप में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मेडिकल के पीजी विद्यार्थियों को रिसर्च की गाइडलाइन के साथ इसे लिखने की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में शोध को बढ़ाने से इसका लाभ मरीजों के साथ डाक्टरों को भी मिल सकता है। मेडिकल कालेज के कार्यवाहक प्राचार्य एयर मार्शल (सेवानिवृत) डॉ. महेंद्र सिंह बुटोला, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह, सेक्रेटरी डॉ. क्रांति कुमार, डॉ. पदम सिंह, डॉ. शुभम पांडेय, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. निधि पांडेय मौजूद रहीं। डॉ. महेंद्र सिंह बुटोला ने कहा कि डॉ. पद्म सिंह रिसर्च एंड डेवलपमेंट स्कीम के तहत मेडिकल क्षेत्र में शोध को बढ़ावा दिया जा रहा है। डीन पीजी डॉ. रोहित शर्मा, डीन यूजी डॉ. नीलिमा मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे।